## एक नजर में

### विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू जाति सर्वेक्षण को लेकर बैठक संपन्न



**शाजापुर, 4 फरवरी.** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ब्लॉक शुजालपुर के अंतर्गत विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू जातियों के सर्वेक्षण को लेकर शुजालपुर में बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में जिला समन्वयक विष्णु प्रसाद नागर एवं ब्लॉक समन्वयक श्रीमती सीमा बेंडवाल की उपस्थिति में सर्वेक्षण कार्य की रूपरेखा एवं कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा की गई. सभी की सहभागिता से सर्वेक्षण को ऑफलाइन एवं ऑनलाइन माध्यम से प्रभावी रूप से संपन्न कराने के लिए कार्य योजना तैयार की गई. बैठक के पश्चात शुजालपुर में वार्ड क्रमांक 8 एवं 9 में जिला समन्वयक विष्णु प्रसाद नागर, ब्लॉक समन्वयक सीमा बेंडवाल एवं सभी सर्वेक्षणकर्ताओं द्वारा संयुक्त रूप से सर्वेक्षण कार्य किया गया. इस दौरान कला भाई के परिवार एवं सुराज सिंह बागरी के परिवार से सर्वेक्षण कार्य सफलतापूर्वक शुरू किया गया. जनअभियान परिषद द्वारा किए जा रहे इस सर्वेक्षण का उद्देश्य विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू समुदायों को शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ना एवं उनके सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कदम उठाना है. इस अवसर पर बागरी समाज के अध्यक्ष शंकरलाल धनगर समाज के प्रतिनिधि सुमेर सिंह सहित सर्वेक्षणकर्ता उकेश मीणा, देशराज धनगर, निलेश, हेमंत एवं अशोक पांचाल उपस्थित थे.

### आर्थिक सहायता स्वीकृत

**शाजापुर, 4 फरवरी.** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने अभिषेक सूर्यवंशी पिता देवकरण निवासी ग्राम रोंसी तहसील कालापीपल की 23 नवम्बर को अपने खेत पर सिंचाई कृषि कार्य के दौरान विद्युत करंट लगने से मृत्यु होने पर उसके निकट्तम वारिस पिता देवकरण को मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के प्रावधान के तहत 4 लाख रूपये की आर्थिक अनुदान सहायता स्वीकृत की है.

### अप्रेन्टिसशिप रोजगार मेला 5 को

**शाजापुर, 4 फरवरी.** मध्यप्रदेश शासन की मंशा अनुसार एवं कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय आईटीआई जिला उद्योग केंद्र एवं मप्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन शाजापुर द्वारा 5 फरवरी 2026 को प्रात: 11 बजे से 03 बजे तक जेएनएस शासकीय महाविद्यालय शुजालपुर में एक ही छत के नीचे युवा संगम कार्यक्रम रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है. युवा संगम रोजगार मेले में आमंत्रित निजी क्षेत्र की कंपनियों के द्वारा सेल्स मेन, ट्रेनी, सेल्स एवं मार्केटिंग, वर्कर, सिक्योरिटी गार्ड, हेल्पर, मशीन आपरेटर, इलेक्ट्रिशियन, सहायक, हेल्पर, एक्जीक्यूटिव फील्ड ऑफिसर, बीमा सलाहकार आदि के लगभग 350 से अधिक पदों पर रोजगार प्रदान करने के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा. रोजगार मेले में कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट एवं आईटीआई उत्तीर्ण एवं 18 से 40 वर्ष तक के आयु के आवेदक अपने समस्त प्रमाण पत्रों एवं आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, रिज्यूम के साथ साक्षात्कार दे सकते हैं.

### अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

**शाजापुर, 4 फरवरी.** फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर 2026 नो मैपिंग/तार्किक विसंगतियों लॉजिकल डिस्क्रीपेंसीज एवं दावे-आपत्ति के निराकरण का कार्य भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र में जारी निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार किया जा रहा है. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋजु बाफना ने फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तारतम्य में 2 फरवरी 2026 से 14 फरवरी तक के लिए विधानसभा क्षेत्र में कार्यरत सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं संलग्न अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए सभी प्रकार के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया है. उक्त निर्वाचन कार्य अवधि में कोई भी सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बिना जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुमति के अपना मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे. उनके अधीन समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी जिला निर्वाचन अधिकारी अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी की अनुमति के बिना न तो कोई अवकाश स्वीकृत करेंगे और न ही अवकाश पर प्रस्थान करेंगे. यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा.

### पीएमएफएमई योजना के तहत प्राप्त लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति करें

**शाजापुर,4 फरवरी.** प्रधानमंत्री सूक्ष्म उद्यम उन्नयन पीएमएफएमई योजना के तहत प्राप्त लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति करें. उक्त निर्देश कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने मंगलवार को उद्यानिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए. कलेक्टर सुश्री बाफना ने बैठक में निर्देश दिए कि विकासखंडवार लक्ष्य अनुरूप हितग्राहियों के प्रकरण बैंकों से समन्वय कर स्वीकृत कराएं और स्वीकृत सभी प्रकरणों के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित करें. कलेक्टर ने उक्त योजना में विभाग के लक्ष्य अनुरूप प्रगति नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त कर उपसंचालक उद्यानिकी एवं डिस्ट्रीक्ट रिसोर्स पर्सन को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए. इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अनुपमा चौहान, उपसंचालक उद्यानिकी मनीष चौहान सहित प्रभारी वरिष्ठ उद्यानिकी विकास अधिकारी उपस्थित थे.

### मप्र जन अभियान परिषद द्वारा सेक्टर स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम आयोजित

**शाजापुर, 4 फरवरी.** स्टेशन रोड़ पर मप्र जन अभियान परिषद् नगर विकास प्रस्फुटन समिति वार्ड क्रमांक 02ए 03 व 29 द्वारा गत दिनों सेक्टर स्तरीय ग्रामोत्सव कार्यक्रम ग्रामोदय से अभ्युदय ग्राम विकास पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित किया गया. परिषद जिला समन्वयक विष्णु नागर एवं ब्लाक समन्वयक बसंत रावत के निर्देशन तथा नगर विकास समिति अध्यक्ष मंगल नाहर के नेतृत्व में आयोजित उक्त कार्यक्रम में समिति सचिव चंचलनाथ योगी ने बताया कि किस प्रकार हमें क्षेत्र में स्वच्छता का वातावरण निर्मित करना चाहिए और लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए. उन्होंने बताया कि किस प्रकार पर्यावरण को दूषित हो होने से बचाया जा सकता है और पौधारोपण के साथ अवैध वृक्ष कटाई के लिए भी अभियान चलाना चाहिए. कार्यक्रम के दौरान कुटुंब प्रबोधन, नागरिक शिष्टाचार और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग पर भी चर्चा की गई. सचिव श्री योगी ने उपस्थितजनों को प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारियां भी प्रदान की साथ ही आमलोगों को उक्त योजनाओं से जोड़ने के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात भी कही. कार्यक्रम का संचालन मप्र जन अभियान परिषद के प्रवक्ता शेखर वर्मा ने किया और अंत में आभार संस्था सहसंगठन मंत्री सचिन भदौरिया ने माना.

### कलेक्टर ने किया सांदीपनि विद्यालय का निरीक्षण



**शाजापुर, 4 फरवरी.** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने शाजापुर जिला मुख्यालय स्थित सांदीपनि विद्यालय का निरीक्षण किया. इस दौरान कलेक्टर सुश्री बाफना ने सांदीपनि विद्यालय में विभिन्न कक्षाओं का निरीक्षण किया. कलेक्टर सुश्री बाफना ने जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र शिप्रे एवं विद्यालय प्राचार्य को आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर सांदीपनि विद्यालय में कक्षाओं को संचालित करने, खेल शिक्षक सहित सभी विषय के शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, स्कूल बस के आवागमन रास्ते का निरीक्षण करने एवं विद्यालय की साफ-सफाई के लिए पर्याप्त सफाईकर्मी व भृत्य की व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित अन्य निर्देश दिए.

# वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण फरवरी में दिसंबर जैसी सर्दी


## दिनभर चलती रही उत्तर-पूर्वी हवा, छाया घना कोहरा

**शाजापुर, 4 फरवरी. नगर का मौसम फिर सर्द हो चला है और लोगों को दिनभर ठिठुरना पड़ रहा है. क्योंकि वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण फरवरी माह में दिसंबर सी सर्दी का एहसास हो रहा है. मौसम का यह हाल आगामी एक सप्ताह और जारी रह सकता है.**

दरअसल, पंजाब व एमपी के ग्वालियर तरफ वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण हुई बारिश ने यहां का मौसम बदल दिया है. यहां हुई तेज बारिश की वजह से चल रही उत्तर-पूर्वी हवाएं सर्दी का एहसास करा रही है, जबकि गत वर्ष इस समय तक हल्की गर्मी का एहसास होने लगा था, लेकिन इस साल सर्दी थमने का नाम नहीं ले रही है. उधर, बारिश थमती है और इधर मौसम फिर सामान्य हो जाता है, लेकिन वहां बारिश होते ही यहां सर्द हवाएं ठिठुरने पर मजबूर कर देती हैं. मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि आगामी एक सप्ताह और मौसम ऐसा ही बना रहेगा. इसके बाद हो सकता है मौसम बदले.

### सुबह कोहरा, दिन में सर्द हवाएं से रही ठिठुरन

दिसंबर और जनवरी माह में जिस तरह कोहरे के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था. ठीक वैसा ही मौसम फरवरी माह में भी बना हुआ है. बुधवार सुबह भी नगर में घना कोहरा छाया रहा, जिसकी विजिबिलिटी भी काफी कम रही. सुबह करीब 9 बजे तक कोहरा छाया रहा. इसके बाद जब कोहरा छंटा, तो सर्द हवाओं ने डेरा डाल लिया, जिससे लोगों को दिनभर सर्दी से राहत नहीं मिल सकी. बुधवार को नगर का अधिकतम तापमान 25 व न्यूनतम तापमान करीब 13 डिग्री दर्ज किया गया. वहीं पूरे दिन 15 किमी की रफ्तार से उत्तर-पूर्वी हवाएं चलती रही.



इस तरह छाया घना कोहरा

### कोहरे के कारण हुआ हादसा, एक की मौत

कोहरे के कारण अकोदिया-शुजालपुर स्टेट हाईवे 41 पर बुधवार सुबह एक कार और बाइक की भिड़ंत हो गई. इस हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि कार में सवार दो लोग घायल हो गए. घटना सुबह करीब 8.30 बजे की बताई जा रही है. मृतक की पहचान ईचावड़ा निवासी 25 वर्षीय इंद्र गिरी पिता गोकुल गिरी के रूप में हुई है. वह भीलखेड़ी जा रहा था. हादसे के बाद उसे तुरंत 108 एम्बुलेंस की मदद शुजालपुर के निजी अस्पताल ले जाया गया. जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. कार में सवार कपालिया निवासी सचिन पाटीदार, उनकी पत्नी शीतल पाटीदार और उनकी दो साल की बेटी भी घायल हुए हैं.



कोहरे के कारण टकराई कार और बाईक

# हाईवे के स्वागत द्वार निर्माण में घटिया सामग्री का आरोप

## कलेक्टर के आदेश पर तीन सदस्यीय टीम ने लिए निर्माण सामग्री के नमूने

**शाजापुर, 4 फरवरी. शहरी हाईवे पर ढाई करोड़ रुपए की लागत से बन रहे स्वागत द्वार के निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग की शिकायत सामने आई है. सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी के समर्थक और भाजपा नेता सोनू सोलंकी ने इस संबंध में कलेक्टर से शिकायत की है.**

शिकायत के बाद कलेक्टर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तीन सदस्यीय जांच टीम गठित की. इस टीम में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री हर्षवर्धन, डिप्टी कलेक्टर नेहा गंगारे और आरईएस के कार्यपालन यंत्री को शामिल किया गया. टीम ने बुधवार को निर्माण स्थल का दौरा कर द्वार के पिलरों से जांच के लिए नमूने एकत्र किए.



मौके पर पहुंची अधिकारियों की टीम

### यह आरोप लगाया था...

भाजपा नेता सोनू सोलंकी ने आरोप लगाया था कि द्वार के निर्माण में अनुमानित लागत के अनुसार काम नहीं किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि 20 एमएम के सरिये का उपयोग होना था, लेकिन 16 एमएम के सरिये लगाए गए हैं. सोलंकी ने नगरपालिका इंजीनियर के समक्ष भी सरिये दिखाए थे. इसके अतिरिक्त रेत में मिट्टी मिली होने जैसी घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग का भी आरोप है. जिसके बाद प्रशासन ने इस शिकायत को गंभीरता से लिया है.

> *इनका कहना है...*
>
> *कलेक्टर के निर्देश पर टीम ने जांच की है. अभी तक जांच में ऐसा कुछ नहीं पाया गया है, लेकिन नमूने प्रयोगशाला में परीक्षण के लिए भेजे जाएंगे. जांच रिपोर्ट आने के बाद ही निर्माण की गुणवत्ता स्पष्ट हो पाएगी.*
>
> ***- हर्षवर्धन सिंह, कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग - शाजापुर***

# तार्किक विसंगति से किसी भी मतदाता का नाम निर्वाचक नामावली से नहीं छूटे

**शाजापुर, 4 फरवरी. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋजु बाफ्ना ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को अपने-अपने कर्मचारियो को बीएलओ द्वारा मतदाताओं के तार्किक विसंगति लॉजिकल डिस्क्रीपेंसी वाले मतदाता के नोटिस कराकर संबंधित पोर्टल ईआरओ नेट पर दर्ज करने के कार्य में सहयोग कर कार्य पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया हैं.**

उन्होंने निर्देश दिये हैं कि तार्किक विसंगति लॉजिकल डिस्क्रीपेंसी से किसी भी मतदाता का निर्वाचक नामावली से नहीं छूटे, सभी के नाम दस्तावेजों से मिलान करें. उक्त कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं करें. विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अनुसार तिथि 01 जनवरी के आधार पर नोटिस तामील की कार्यवाही करें. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री बाफना ने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक मतदान केन्द्र पर संबंधित मतदान केन्द्र में लगने वाली ग्राम पंचायत के सचिव, रोजगार सहायक, नगरीय क्षेत्र में नगर पालिका के कर्मचारी द्वारा बीएलओ के साथ 14 फरवरी तक निर्वाचन कार्य करें.

# विश्व कैंसर दिवस पर जिले में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन





**शाजापुर, 4 फरवरी. विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया.**

जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कमला आर्य ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पोलायकलां के अंतर्गत आने वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र अमलाय एवं गुर्दाखेड़ी में स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन किया गया. जिसमें स्वास्थ्य केन्द्र पोलायकलां के चिकित्सकों द्वारा ग्राम के 40 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई एवं ग्रामजनों को कैंसर रोग के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें धूम्रपान नहीं करने की सलाह दी गई. उन्होंने बताया कि उक्त गांव में वर्तमान में 3 कैंसर रोग से एक्टिव मरीज हैं, जिसमें से 2 मरीज स्वस्थ्य है एवं एक मरीज एम्स भोपाल में उपचाररत हैं.

विभाग द्वारा वरिष्ठ कार्यालय को संबंधित गांव में कैंसर रोग विशेषज्ञों के दल द्वारा पुन: सर्वे एवं शिविर लगाने के लिए अनुरोध किया गया है, जिससे की परीक्षण उपरांत गांव की वस्तुस्थिति स्पष्ट हो सकेगी.

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भूमिपूजन 6 को

**शाजापुर, 4 फरवरी.** जिला आयुष कार्यालय शाजापुर के अंतर्गत 6 फरवरी शुक्रवार को सुबह11 बजे शुजालपुर मंडी के आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भूमिपूजन किया जाएगा. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदरसिंह परमार एवं सांसद महेन्द्रसिंह सोलंकी, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिसोदिया, डॉ. रवि पाण्डे सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित रहेंगे.

# रागवेल पुलिया के नीचे मिला युवक का शव, पुलिस जांच में जुटी

**शाजापुर, 4 फरवरी. दुपाड़ा मार्ग पर बुधवार को रागवेल की पुलिया के नीचे एक व्यक्ति का शव मिला है. मृतक की पहचान बामनिया खेड़ी निवासी राजेश मालवीय के रूप में हुई है. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की.**

स्थानीय लोगों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दी थी. घटनास्थल पर मृतक के पास एक बाइक भी पड़ी मिली. जिस पर सरपंच लिखा हुआ था. शव खून से लथपथ था और पुलिया के नीचे बड़ी संख्या में फ्रूटी के खाली पाउच भी मिले हैं. सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी घनश्याम मालवीय, एसडीओपी अजय मिश्रा और लालघाटी थाना प्रभारी अर्जुन सिंह मुजाल्दे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे. लालघाटी थाना पुलिस ने एफएसएलए साइबर और फिंगर प्रिंट विशेषज्ञों की टीम को भी बुलाया है. पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि युवक की मौत पुलिया से गिरने से हुई है या उसकी हत्या कर शव को यहां फैंका गया है. घटनास्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात हो गया. जैसे ही यह खबर गांव में फैली, मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई. लालघाटी थाना प्रभारी अर्जुन सिंह मुजाल्दे ने बताया कि फिलहाल मामले की जांच की जा रही है और सभी पहलुओं पर गौर किया जा रहा है. शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप कर मामले में मामले में मर्ग कायम किया.



### प्रीति अग्रवाल को बनाया अध्यक्ष

**शुजालपुर, 4 फरवरी.** डिवाईन मंच का स्थापना दिवस जटाशंकर परिसर में गत दिवस मनाया गया. इस दौरान महिलाओं के लिए विभिन्न गेम आयोजित किए गए. लक्की ड्रॉ में विजेता रश्मि अवस्थी रही. इसी प्रकार अन्य गेम भी हुए, जिसमें प्रथम शीतल विजयवर्गीय, द्वितीय अनिता राठी, तृतीय अंजू खत्री रही. स्थापना दिवस पर मंच की नवीन कार्यकारिणी बनाई गई, जिसमें अध्यक्ष प्रीति अग्रवाल, उपाध्यक्ष अंजू खत्री, सचिव शोभा जैन एवं शीतल विजयवर्गीय को कोषाध्यक्ष बनाया गया. इस अवसर पर रत्ना सोनी, मधु मंडलोई, निर्मला चौबे, रश्मि अवस्थी, अमिता डागा, अनिता राठी, ममता मेहता, माधवी सणस सहित अन्य उपस्थित रहे. संचालन प्रीति अग्रवाल ने किया.

# ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का किया निरीक्षण

**सोयतकलां, 4 फरवरी. विगत दिनों जिले में ओलावृष्टि से किसानों की फसलें प्रभावित हुई. जिनकी स्थिति का जायजा लेने के लिए कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव द्वारा बुधवार को कानड़ क्षेत्र के ग्राम जस्साखेड़ी, भड़भुंजी, कोलूखेड़ी एवं कुंडलाखुर्द का भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण किया गया.**



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने खेतों में पहुंचकर किसानों से चर्चा की तथा ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान की जानकारी ली. कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का शीघ्र सर्वे कर वास्तविक नुकसान का आंकलन करने हेतु निर्देशित किया. निरीक्षण के दौरान एसडीएम आगर मिलिंद ढोके, तहसीलदार विजय सेनानी, किसान नेता डूंगर सिंह सहित राजस्व निरीक्षक, पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, उद्यानिकी अधिकारी, बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे.

## एक नजर में

### बीकेएसएन के विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट की प्रक्रिया समझाने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

# परियोजना कार्य विद्यार्थियों को बना सकता है आत्मनिर्भर : डॉ. बोड़ाने

**शाजापुर, 4 फरवरी. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन शासकीय महाविद्यालय में विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को परियोजना ( प्रोजेक्ट ) कार्य की प्रक्रिया समझाने हेतु एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस अवसर पर रसायनशास्त्र विभागाध्यक्ष एवं आईटी नोडल अधिकारी डॉ. अरुण कुमार बोड़ाने ने पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति : 2020 तथा परियोजना कार्य की संपूर्ण प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक समझाया.**



कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉ. बोड़ाने ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल सरकारी नौकरी ही एकमात्र विकल्प नहीं है, बल्कि विद्यार्थी रोजगारोन्मुखी परियोजना कार्य को पूर्ण कर स्वयं का स्वरोजगार भी स्थापित कर सकते हैं. इससे वे न केवल आत्मनिर्भर बनेंगे, बल्कि दूसरों को रोजगार देने में भी सक्षम होंगे. राष्ट्रीय शिक्षा नीति : 2020 के महत्व पर प्रकाश डालते हुए डॉ. बोड़ाने ने बताया कि इस नीति का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे किसी पर निर्भर न रहते हुए आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने में अपना योगदान दे सकें.

### भविष्य को ध्यान में रखकर करें प्रोजेक्ट चयन

डॉ. बोड़ाने ने कहा कि विद्यार्थियों को चाहिए कि वे परियोजना विषय का चयन सोच समझकर, अपनी रुचि, क्षमता एवं भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए करें, ताकि प्रोजेक्ट कार्य उनके शैक्षणिक विकास के साथ-साथ व्यावसायिक उन्नति का भी आधार बन सके.